सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन देहरादून 26 सितम्बर, 2024**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में आईआईटी रूड़की के डीन शैक्षणिक प्रो. नवीन के. नवानी और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य प्रो. एच. सी पोखरियाल ने भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को ग्रीन बायोटेक्नोलॉजी के उपयोग पर आधारित उत्तराखण्ड के उत्पादों के मूल्य संवर्धन पर अपने शोध का प्रस्तुतीकरण दिया।

प्रो. नवानी ने बद्री गाय, बद्री तुलसी, मिलेट आधारित उत्पादों, बुरांश से निर्मित सिंबायोटिक पेय और उत्तराखण्ड के पारंपरिक खाद्य पदार्थों की माइक्रोबियल विविधता पर अपने शोध कार्य की जानकारी प्रदान की। प्रो. पोखरियाल ने बताया कि आईआईटी रुड़की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी–2020) के तहत अकादमिक, समाज और उद्योग के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहा है, जिससे समाज और उद्योग के साथ संस्थान का जुड़ाव और भी सशक्त हो सके।

राज्यपाल ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में अनुसंधान का विस्तार कर जागरूकता, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से राज्य की महिलाओं के लिए इन क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशने पर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य के सतत विकास के लक्ष्यों के अनुरूप स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में किए जा रहे शोध को एक पुस्तक के रूप में संकलित करें।

............0............